इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in**
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 296] भोपाल, मंगलवार, दिनांक 29 मई 2018—ज्येष्ठ 8, शक 1940

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 29 मई 2018

एफ 14-82-1988-दस-2.—वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) की धारा 28 के साथ पठित धारा-64 की उपधारा (1) तथा उपधारा (2) के खण्ड (ज) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश वन्यप्राणी (संरक्षण) नियम, 1974 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त नियमों में, नियम 34 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम स्थापित किया जाए, अर्थात्:—

"34. धारा 28 के अधीन राष्ट्रीय उद्यानों और अभ्यारण्यों में, तथा धारा 64 की उपधारा (2) के खण्ड (ज) के अधीन टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों एवं वन विभाग द्वारा प्रबंधित चिड़ियाघरों में प्रवेश के लिए प्रवेश फीस और प्रवेश अनुज्ञा की शर्तें,—

1. **प्रवेश अनुज्ञा पत्र :**

(1) कोई भी व्यक्ति, किसी राष्ट्रीय उद्यानों, अभ्यारण्यों, टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों या वन विभाग द्वारा प्रतिबंधित चिड़ियाघरों में, धारा 28 की उपधारा (1) के अधीन वर्णित प्रयोजनों के लिए एवं इस नियम में यथा विहित के अनुसार ऐसी फीस के भुगतान पर, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक मध्यप्रदेश या उसके द्वारा इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा जारी किए गए विधिमान्य प्रवेश अनुज्ञापत्र के बिना, प्रवेश नहीं करेगा.

(2) प्रवेश अनुज्ञापत्र वैयक्तिक, अहस्तांतरणीय तथा प्रवेश अनुज्ञापत्र में वर्णित कालावधि के लिए प्रवेश हेतु विधिमान्य होगा.

2. **विशेष परिस्थितियों के अंतर्गत अधीन प्रवेश फीस में छूट :**

(1) राष्ट्रीय उद्यानों, अभ्यारण्यों, टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों और चिड़ियाघरों में निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए कोई प्रवेश फीस नहीं ली जाएगी, अर्थात्:—

(क) वन्य जीवों का अध्ययन या अन्वेषण और उसके आनुषंगिक उद्देश्य;

(ख) वैज्ञानिक अनुसंधान;

(ग) राष्ट्रीय उद्यान या अभ्यारण्य में निवास कर रहे किसी व्यक्ति के साथ विधिपूर्ण कारोबार का संव्यवहार;

(घ) टाइगर रिजर्व के बफर जोन में और राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारण्यों की 5 किलोमीटर की सीमाओं के भीतर स्थित ग्रामों की मान्यताप्राप्त शिक्षण संस्थाओं के छात्रों की प्राधिकृत अध्ययन यात्राएं या ईको विकास समितियों के सदस्यों की प्राधिकृत अध्ययन यात्राएं;

(ड.) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार या विभिन्न राज्यों के वन विभागों के प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों के छात्रों, प्रशिक्षुओं, अनुदेशकों और सहायक कर्मचारिवृंद की प्राधिकृत अध्ययन यात्राएं;

(च) अनुभूति कार्यक्रम एवं मोगली उत्सव के प्रतिभागियों को कार्यक्रम के दौरान वन्यप्राणी सप्ताह में पुरस्कृत प्रतिभागियों को एक बार पुरस्कार के रूप में;

(छ) 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों का प्रवेश।

(2) उप–नियम (1) के खण्ड (घ) के अधीन समावेशित न होने वाले अतिरिक्त मान्यताप्राप्त शिक्षण संस्थानों के छात्रों को नियमित प्रवेश फीस में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, बशर्ते कि ऐसी प्राधिकृत अध्ययन यात्राओं की पूर्व सूचना दी गई हो। यह सुविधा किसी संस्थान के छात्र–छात्राओं को पूरे पर्यटन वर्ष, अर्थात् 1 जुलाई से 30 जून तक की अवधि के दौरान खुली अवधि में केवल एक बार एक भ्रमण हेतु दी जाएगी।

(3) विशेष परिस्थितियों में मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक, मध्यप्रदेश अथवा संरक्षित क्षेत्र, टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र या चिड़ियाघर के भारसाधक अधिकारी द्वारा किसी व्यक्ति या समूह को अधिकतम धारण क्षमता की सीमाओं के भीतर प्रवेश फीस से पूर्णतः छूट दी जा सकेगी।

(4) उप–नियम (1) के खण्ड (क); (ख) एवं (ग) में वर्णित प्रयोजनों के लिए प्रवेश अनुज्ञापत्र की पात्रता एवं शर्तें; एक विशिष्ट संरक्षित क्षेत्र की आवश्यकताओं के आधार पर मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक द्वारा पृथक्तः से अभिनिश्चित की जाएगी।

3. पर्यटन के प्रयोजन हेतु क्षेत्रों का वर्गीकरण एवं प्रवेश फीस

(1) वन्यप्राणी पर्यटन क्षेत्रों की वर्गीकृत सारणी

अनुक्रमांक.	वर्ग	सम्मिलित संरक्षित क्षेत्रों के ब्योरे	वर्ग गुणांक /सारणी
1	वर्ग–1	कोर क्षेत्र के रूप में अधिसूचित अभ्यारण्यों को समाविष्ट करते हुए टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्रों में पूर्ण रूप से विस्तारित पर्यटन जोन एवं ऐसे पर्यटन जोन जो अंशतः कोर एवं बफर दोनों क्षेत्रों में विस्तारित हों।	1
2	वर्ग –2	टाइगर रिजर्वों के बफर क्षेत्र में पूर्ण रूप से विस्तारित पर्यटन जोन; तथा फेन अभ्यारण्य।	0.8
3	वर्ग –3	माधव राष्ट्रीय उद्यान; गांधीसागर, नौरादेही, रातापानी, कूनो पालपुर एवं खिवनी अभ्यारण्य।	0.5

अनुक्रमांक.	वर्ग	सम्मिलित संरक्षित क्षेत्रों के ब्यौरे	वर्ग गुणांक /सारणी
4	वर्ग –4	(क) फॉसिल राष्ट्रीय उद्यान, घुघवा एवं डायनासोर फॉसिल राष्ट्रीय उद्यान, धार । (ख) सैलाना, सरदारपुर, घाटीगांव, करेरा, केन घड़ियाल, सोन घड़ियाल, राष्ट्रीय चंबल, नरसिंहगढ़, बगदरा, वीरांगना दुर्गावती, सिंघोरी एवं ओरछा अभ्यारण्य (ग) प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त किसी भी वर्ग के भीतर पर्यटन प्रयोजन हेतु निर्दिष्ट समस्त विशिष्ट स्थल एवं व्यू पॉइंट्स* ।	0.2
5	वर्ग –5	प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त किसी भी वर्ग के भीतर पर्यटन प्रयोजन हेतु निर्दिष्ट विशिष्ट स्थलों एवं व्यू पॉइंट्स में से कोई एक स्थल।	0.1
6	वर्ग –6	वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, रालामण्डल अभ्यारण्य एवं मुकुन्दपुर चिड़ियाघर।	सारणी 3(4)

(क) किसी संरक्षित क्षेत्र या टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र या चिड़ियाघर में प्रवेश फीस हेतु दरें उपरोक्त सारणी में वर्णित वर्ग गुणांक के साथ उप–नियम (2) की सारणी (क) एवं (ख) में वर्णित दरों से गुणा कर प्राप्त की जाएंगी। यह गुणनफल रूपए 5/– (रूपए 100/– तक की रकम के लिए) या रूपए 10/– रूपए (100/– के बराबर या अधिक की रकम के लिए) के अगले गुणा से पूर्णांकित होगी या वास्तविक प्रवेश फीस ली जाएगी।

(ख) *ये दरें एक भ्रमण हेतु हैं एवं अनुज्ञापत्र एक दिवस हेतु विधिमान्य रहेगा। पचमढ़ी में समस्त विनिर्दिष्ट विशिष्ट स्थलों एवं व्यू पॉइंट्स के भ्रमण के लिए पर्यटक 3 दिवसीय विधिमान्य वाले विशेष अनुज्ञापत्र दोगुनी दर से भुगतान कर प्राप्त किए जा सकेंगे।

(2) पर्यटन आधारित वाहन हेतु प्रवेश फीस

(क) प्रबंधन के साथ रजिस्ट्रीकृत पर्यटक वाहनों के लिए प्रवेश फीस।

अनुक्रमांक	अनुज्ञापत्रों के प्रकार	दरें (रकम रू. में)
1	एकल सीट अनुज्ञापत्र (हल्के वाहन एवं मिनी बस)	रूपए 250
2	संपूर्ण वाहन अनुज्ञापत्र (केवल हल्के वाहन, अधिकतम 6 पर्यटक)	रूपए 1500

(ख) निजी गैररजिस्ट्रीकृत वाहन से पर्यटन हेतु प्रवेश फीस जहां प्रबंधन द्वारा ऐसे वाहनों को अनुज्ञात किया गया है।

अनुक्रमांक	अनुज्ञापत्र का प्रकार	दरें (रकम रू. में)
1.	दोपहिया वाहन, (स्कूटर, मोटर साइकिल एवं अन्य दो पहिया मोटर वाहन अधिकतम 2 व्यक्ति)	रूपए 1,000
2.	ऑटो रिक्शा (अधिकतम 3 व्यक्ति)	रूपए 2,000
3.	हल्के मोटर वाहन (अधिकतम 6 व्यक्ति)	रूपए 3,000
4.	बस/मिनी बस	रूपए 6,000

(ग) उपरोक्त (क) में वर्णित फीस मात्र प्रवेश अनुज्ञापत्र हेतु है। रजिस्ट्रीकृत पर्यटक वाहन हेतु वाहन प्रभार भ्रमण के पूर्व वाहन मालिक को पृथक्तः से देय होगा। उपरोक्त (क) एवं (ख) में गाइड फीस भी सम्मिलित नहीं है, जो कि गाइड को पृथक्तः से देय है।

(घ) उपरोक्त (क) में वर्णित एकल सीट अनुज्ञा हेतु पर्यटन वाहन प्रभार तथा गाइड फीस वाहन में उपस्थित पर्यटकों के मध्य समान रूप से विभाजित की जाएगी तथा प्रवेश के समय देय होगी।

(ड.) वाहन में अनुज्ञात व्यक्तियों की संख्या में चालक और गाइड की गणना सम्मिलित नहीं की जाएगी।

(च) संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी पर्यटकों की सुरक्षा तथा पर्यटन मार्गों की स्थानीय परिस्थितियों आदि के आधार पर ऐसे वाहन के वर्ग/प्रकार का विनिश्चय करेगा जिसे पर्यटन प्रयोजनों हेतु संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश हेतु अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(छ) पर्याप्त संख्या में रजिस्ट्रीकृत वाहनों की अनुपलब्धता की दशा में या अन्य स्थानीय कारणों से उद्यान प्रबंधन द्वारा आदेश जारी कर गैर रजिस्ट्रीकृत वाहनों को प्रवेश की अनुज्ञा दी जा सकेगी। ऑन लाईन बुक किए गए अनुज्ञापत्रों में प्रवेश फीस के अंतर की राशि पार्क में प्रवेश के समय पर्यटकों द्वारा देय होगी।

(ज) धारा 3 की उप–धारा (2) की सारणी (क) में वर्णित एकल सीट अनुज्ञा हेतु प्रवेश फीस दरों में 5 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों हेतु आधी फीस देय होगी एवं उन्हें वाहन में एक सीट उपलब्ध कराई जाएगी। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे निःशुल्क प्रवेश के हकदार होंगे एवं अपने अभिभावकों के साथ बैठेंगे।

(झ) यदि किसी पर्यटक के पास वर्ग–1, वर्ग–2, वर्ग–3, वर्ग–4(ख) के अनुसार प्रवेश फीस का भुगतान करने के पश्चात् वाहन द्वारा किसी पर्यटन जोन में संपूर्ण सफारी राउन्ड भ्रमण हेतु अनुज्ञापत्र हो, तो वह उस पर्यटन जोन के भीतर स्थित किसी विशिष्ट स्थल/व्यू पॉइंट में बिना कोई अतिरिक्त फीस जा सकेगा। यदि कोई पर्यटक, संरक्षित क्षेत्र

के भीतर स्थित केवल अधिसूचित विशिष्ट स्थल/ व्यू पॉइंट को भ्रमण करना चाहता है तो उसे उपरोक्त सारणियों में वर्ग–4(ग)/ वर्ग–5 के अनुसार फीस देय होगी। इस प्रकार से विशिष्ट स्थल/व्यू पॉइंट का अनुज्ञापत्र लेने वाले पर्यटक प्रबंधन के द्वारा विनिश्चित मार्ग एवं समय पर भ्रमण कर सकेंगे।

(ञ) संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा, परिचालित होटल/रिसॉर्ट/लॉज से अनुरोध प्राप्त होने पर, होटल/रिसॉर्ट/लॉज हेतु सीमित संख्या में, एक वर्ष के लिए प्रति नेचुरलिस्ट रूपए 10,000/– के रजिस्ट्रीकरण फीस से नेचुरलिस्टों का रजिस्ट्रीकरण करेगा तथा एक परिचय पत्र जारी करेगा।

(ट) अनुज्ञापत्र धारी पर्यटकों के साथ रजिस्ट्रीकृत पर्यटक वाहनों में बैठक उपलब्ध होने के अध्ययन रहते हुए, नेचुरलिस्ट, विधिमान्य अनुज्ञापत्र रखने वाले पर्यटकों के साथ पर्यटक वाहन में प्रवेश कर सकेंगे भले ही उनके नाम अनुज्ञापत्र उल्लिखित नहीं है, पर्यटकों के वाहन में सहबद्ध के रूप में जा सकेंगे। ऐसे वाहनों में पार्क गाइड भी उपस्थित रहेंगे तथा पूर्ववत् की भांति अपनी सेवाएं दे करेंगे।

(3) वाहन द्वारा पार्क भ्रमण के भिन्न अन्य गतिविधियों हेतु प्रवेश फीसः

(क) फीस सारणी

क्र.	प्रवेश का प्रयोजन	प्रति पर्यटक फीस
1.	पैदल/ ट्रैकिंग/ साइकलिंग (संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा चिन्हित किए गए विनिर्दिष्ट मार्गों पर)	रूपए 250
2.	विनिर्दिष्ट हाइड/मचान/वॉच टॉवर से वन्य प्राणी दर्शन।	रूपए 600
3.	कैंपिंग (केवल संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा चिन्हित किए गए परिसरों में)	रूपए 1500

(4) वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, रालामण्डल अभ्यारण्य एवं मुकुन्दपुर चिड़ियाघर हेतु प्रवेश फीस

(क) फीस सारणी

(रकम रूपए में)

अनुक्रमांक.	भ्रमण का प्रयोजन	पर्यटकों हेतु प्रवेश फीस
1.	पैदल भ्रमण	20/–रूपए प्रति व्यक्ति
2.	साइकिल द्वारा भ्रमण (एक व्यक्ति)	30/–रूपए प्रति साइकिल
3.	दो पहिया मोटर वाहन (अधिकतम दो व्यक्ति)	60/–रूपए प्रति मोटर वाहन
4.	ऑटो रिक्शा (चालक सहित अधिकतम 4 व्यक्ति)	120/–रूपए प्रति वाहन
5.	हल्के चार पहिया वाहन (अधिकतम 5 व्यक्ति की क्षमता वाले)	250/–रूपए प्रति वाहन
6.	हल्के चार पहिया वाहन (5 व्यक्ति से अधिक की क्षमता वाले)	400/–रूपए प्रति वाहन
7.	मिनी बस (अधिकतम 20 व्यक्ति की क्षमता तक)	1000/–रूपए प्रति वाहन
8.	बस (20 से अधिक व्यक्तियों की क्षमता वाले)	2000/–रूपए प्रति वाहन
9.	गोल्फ कार्ट से भ्रमण या सफारी भ्रमण (प्रबंधन वाहन द्वारा)	प्रवेश फीस तथा रूपए 50/ प्रति व्यक्ति

(ख) उपरोक्त वर्णित दरें वर्ग–छह क्षेत्रों हेतु सामान्य (Generic Rates) दरें हैं। संरक्षित क्षेत्र/चिड़ियाघर के भारसाधक अधिकारी यह विनिश्चय करेंगे कि उनके क्षेत्र में कौनसी गतिविधियां उपयुक्त हैं तथा तद्नुसार प्रवेश फीस लेकर उपयुक्त गतिविधियों हेतु अनुज्ञापत्र जारी करेंगे।

(ग) अनुक्रमांक 2 से 8 में वर्णित प्रति वाहन फीस में पर्यटकों की प्रवेश फीस सम्मिलित है। वाहन में उपस्थित पर्यटकों की संख्या वाहन की रजिस्ट्रीकृत पासिंग क्षमता से अधिक नहीं होगी।

(घ) अनुक्रमांक 9 में वर्णित सफारी फीस अनुक्रमांक 1 से 8 तक वर्णित प्रवेश फीस के अतिरिक्त है।

(ड.) सफारी वाहन के प्रचालन हेतु पर्यटकों की न्यूनतम अपेक्षित संख्या प्रबंधन द्वारा विनिश्चित की जाएंगी। सफारी हेतु उपलब्ध अपर्याप्त पर्यटकों की संख्या की दशा में, इच्छुक पर्यटक न्यूनतम अपेक्षित व्यक्तियों हेतु फीस का भुगतान करते हुए सफारी प्राप्त कर सकेंगे।

(5) प्रबंधन द्वारा प्रतिदिन के आधार पर पार्क भ्रमण सीमित कालावधि के लिए तथा मार्गों का विनिश्चय किया जाएगा। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान/रालामंडल अभ्यारण्य में पैदल या साइकिल द्वारा प्रवेश फीस हेतु मासिक/वार्षिक/आजीवन दरें निम्नलिखित होंगी।

अनुक्रमांक	प्रवेश का प्रकार	मासिक फीस	वार्षिक फीस	आजीवन फीस	अभ्युक्तियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	पैदल	रू.300	रू.3000	रू.24,000	संचालक या उनके द्वारा इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रति व्यक्ति नियमित प्रवेश हेतु पास जारी किए जाएंगे।
2.	साइकिल	रू.450	रू.4500	रू.30,000	

(6) क्षेत्र की विशिष्टताओं एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा उपरोक्त वर्णित गतिविधियों से क्षेत्र हेतु उपयुक्त गतिविधियों तथा उसके प्रचालन का विनिश्चय किया जाएगा। वह पर्यटकों हेतु कोई नई गतिविधि भी सम्मिलित कर सकेगा। किसी नई गतिविधि को प्रस्तावित करने के पूर्व वह गतिविधि के क्षेत्र एवं फीस का विनिश्चय करने के पश्चात्, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक का अनुमोदन लेगा।

4. ऑनलाइन अनुज्ञापत्रों का जारी किया जाना:

(1) उन संरक्षित क्षेत्रों के लिए जहां पर्यटक धारण क्षमता की गणना अनुसार प्रतिदिन के लिए उपलब्ध वाहन हेतु अनुज्ञापत्रों की संख्या जारी किया जाना नियत है, वहां प्रतिदिन उपलब्ध कुल अनुज्ञापत्रों की संख्या के अनुसार निम्नलिखित प्रतिशत ऑनलाइन/पर्यटन द्वार हेतु उपलब्ध रहेगा। प्रतिशतता अनुसार अनुज्ञापत्रों की वास्तविक संख्या प्राप्त करते हुए संख्या का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा :

एकल सीट अनुज्ञापत्र (ऑन लाइन)	एकल सीट अनुज्ञापत्र (पर्यटन द्वार पर)	क्षेत्र संचालक कोटा	पूर्ण वाहन अनुज्ञापत्र (ऑन लाइन)
10 प्रतिशत	10 प्रतिशत	10 प्रतिशत	शेष अनुज्ञापत्र

(2) उन पर्यटन क्षेत्रों में, जहां पर्यटक धारण क्षमता एवं प्रतिदिन जारी किए जाने वाले अनुज्ञापत्रों की उच्च सीमा विनिश्चित नहीं है, ऐसे क्षेत्रों हेतु मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, धारण क्षमता विनिश्चित कर सकेंगे। भारसाधक अधिकारी ऑनलाइन बुकिंग हेतु उपलब्ध अनुज्ञापत्रों की संख्या का विनिश्चय करेंगे।

(3) पर्यटन द्वार पर, अनुज्ञापत्र सफारी दिवस के एक दिन पूर्व सायं 5:00 बजे से उपलब्ध होंगे। बुकिंग का वास्तविक समय संरक्षित क्षेत्र के भार–साधक अधिकारी द्वारा विनिश्चित किया जाएगा।

(4) सुनिश्चित एकल सीट अनुज्ञापत्रधारी को प्रवेश समय के आधा घंटा पूर्व नियत प्रवेश द्वार पर उपस्थित रहेंगे तथा काउंटर पर अपने–अपने अनुज्ञापत्र एवं परिचय पत्र दर्शित करने होंगे। यदि वे प्रवेश समय के आधा घंटा पूर्व पहुंचने में असफल रहते हैं, तो उनके अनुज्ञापत्र स्वमेव निरस्त माने जाएंगे। ऐसे अनुज्ञापत्र प्रवेश द्वार पर एकल सीट अनुज्ञापत्र के रूप में बुकिंग हेतु उपलब्ध होंगे।

(5) संपूर्ण वाहन अनुज्ञापत्रधारी पर्यटकों को, प्रातः सफारी हेतु प्रवेश समय के एक घंटा पश्चात् तक तथा सायं सफारी हेतु प्रवेश समय के आधा घंटा पश्चात् तक प्रवेश द्वार पर अपने–अपने अनुज्ञापत्र तथा परिचय पत्र दिखाने होंगे। यदि वे इस समय तक पहुंचने में असफल रहते हैं तो उनके अनुज्ञापत्र स्वमेव निरस्त माने जाएंगे एवं ऐसा अनुज्ञापत्र प्रवेश द्वार पर एकल सीट अनुज्ञापत्र के रूप में बुकिंग हेतु उपलब्ध होंगे। ऐसे उपलब्ध अनुज्ञापत्रों के पर्यटक अगले 30 मिनट तक पार्क में प्रवेश कर सकेंगे। उन परिस्थितियों से अन्यथा जब पूर्व से बुक किए गए अनुज्ञापत्र के पश्चात् जारी अनुज्ञापत्र धारी पर्यटक समय पर पहुंचने में असफल रहते हैं तो सामान्यतः पार्क प्रवेश समय के एक घंटे पश्चात् पर्यटकों को अनुज्ञात नहीं किया जाना चाहिए।

(6) प्रवेश अनुज्ञापत्र में सूचीबद्ध समस्त भारतीय पर्यटकों के लिए कोई एक विधिमान्य पहचान पत्र (आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेंस, पेनकार्ड, वोटर आईडी, केन्द्र अथवा राज्य शासन द्वारा जारी किया गया कोई अन्य परिचय–पत्र, स्कूल–कॉलेज द्वारा जारी परिचय–पत्र) रखना अनिवार्य होगा। यदि प्रवेश अनुज्ञापत्र में वर्णित व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित नहीं की जा सकती है, तो प्रवेश अनुज्ञापत्र निरस्त हो जाएगा।

(7) प्रवेश अनुज्ञापत्र में सूचीबद्ध समस्त विदेशी पर्यटकों को उनके पहचान पत्र के रूप में पासपोर्ट रखना अनिवार्य होगा। यदि प्रवेश अनुज्ञापत्र में वर्णित व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित नहीं की जा सकती है, तो प्रवेश अनुज्ञापत्र निरस्त हो जाएगा।

(8) ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था के अंतर्गत, विशिष्ट पर्यटन क्षेत्र के लिए एक बार समस्त उपलब्ध संपूर्ण वाहन अनुज्ञापत्र बुक हो जाएंगे तो इच्छुक पर्यटकों को सीमित संख्या में (ऑनलाइन अनुज्ञापत्रों का 10 प्रतिशत, युक्तियुक्तकरण के पश्चात्) ऑनलाइन प्रतीक्षा सूची के अनुज्ञापत्र जारी किए जाएंगे। पुष्टिकृत अनुज्ञापत्र के निरस्तीकरण की स्थिति में प्रतीक्षा अनुज्ञापत्रकों को प्राथमिकता से पुष्टिकृत किया जाएगा। यदि प्रतिक्षा सूची अनुज्ञापत्र सफारी के 5 दिन पूर्व तक भी पुष्टिकृत नहीं हो पाती है तो वह स्वमेव निरस्त हो जाएगी एवं बुकिंग के लिए प्रभारित प्रवेश फीस पोर्टल फीस से घटाकर वापस कर दी जाएगी।

5. **एड–ऑन सुविधाः**

(1) उन संरक्षित क्षेत्रों के लिए, जहां ऑनलाइन अनुज्ञापत्र बुकिंग सुविधा प्रचालन में है, तो पहले से बुक किए गए संपूर्ण वाहन अनुज्ञापत्र के लिए पर्यटकों के नाम वाहन की अधिकतम क्षमता हो जाने तक, निम्नलिखित शर्तों के साथ ऑनलाइन जोड़े जा सकेंगे :

(क) मूल रूप से बुक किए गए अनुज्ञापत्र में न्यूनतम दो पर्यटकों के नाम वर्णित हों।

(ख) कम से कम दो पर्यटक, जिनके नाम पर मूल अनुज्ञापत्र बुक किया गया था वे पार्क भ्रमण के दौरान उपस्थित हों अन्यथा अनुज्ञापत्र निरस्त माना जाएगा।

(ग) खण्ड (ख) में वर्णित उपबंध केवल उन्हीं अनुज्ञापत्रों पर लागू होंगे जहां उसमें दोनों तरह के पर्यटक, मूल रूप से बुक किए गए एवं इस सुविधा का उपयोग कर जोड़े गए, पर्यटक हों। उन अनुज्ञापत्रों जिनमें एडऑन सुविधा का उपयोग नहीं किया गया हो, यदि उसमें प्रथम दो अथवा कोई अन्य पर्यटक सफारी के समय अनुपस्थित रहता हैं तो अनुज्ञापत्र बना रहेगा एवं अन्य उपस्थित पर्यटक सफारी हेतु जा सकेंगे।

(घ) केवल एक बार जाने में, अनुज्ञापत्र में चार अतिरिक्त पर्यटकों के नाम जोड़े (एड–ऑन) जा सकेंगे। धारा 3 की सारणी (1) तथा धारा 3 की उप–धारा (2) की सारणी (क) एवं (ख) पर आधारित ऐसे अतिरिक्त के लिए एक अनुज्ञापत्र का मूल्य एक अतिरिक्त फीस के बराबर जैसे टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र हेतुएवं अन्य क्षेत्रों हेतु रूपए 1,500/– देय होगी।

(ड.) एड–ऑन सुविधा का उपयोग सफारी दिवस के 2 दिवस पूर्व तक (सफारी दिवस को छोड़ते हुए) ही किया जा सकेगा। (उदाहरणार्थ 5 नवंबर की सफारी हेतु केवल 2 नवंबर को सायं 5:00 बजे तक एड–ऑन संभव होगा)।

(च) एड–ऑन सुविधा का उपयोग पुनर्निधारण सुविधा का उपयोग करने के पश्चात् नहीं किया जा सकेगा।

6 प्रवेश अनुज्ञापत्र का निरस्तीकरण/पुनर्निर्धारण :

(1) ऐसे पर्यटक क्षेत्रों में जहां वहन क्षमता नियत है, पर्यटक अपनी यात्रा की तारीख एवं पर्यटन जोन (उसी संरक्षित क्षेत्र के भीतर) का ऑनलाइन बुक किए गए अनुज्ञापत्रों का पुनर्निर्धारण एक बार उपलब्धता या निरस्तीकरण के अध्यधीन रहते हुए कर सकेगा। ऐसे निरस्तीकरण/पुनर्निर्धारण के लिए वे निम्नलिखित सारणी में विहित प्रभारों का भुगतान करेंगे।

(2) **सारणी**

अनुक्रमांक	ब्यौरे	निरस्तीकरण के पश्चात् वापस की गई रकम	पुनर्निर्धारण हेतु प्रभारित रकम
1	प्रवेश/सफारी दिनांक से 30 दिवस या उसके पूर्व अनुज्ञापत्र का निरस्तीकरण/ पुनर्निर्धारण ।	पोर्टल फीस घटाने के पश्चात् अनुज्ञापत्र फीस की संपूर्ण रकम।	केवल पोर्टल फीस।
2	प्रवेश/सफारी दिनांक के पूर्व 29 दिवस से 15 दिनों के मध्य अनुज्ञापत्र का निरस्तीकरण/ पुनर्निर्धारण।	अनुज्ञापत्र फीस एवं पोर्टल फीस का 50 प्रतिशत घटाने के पश्चात् शेष रकम।	अनुज्ञापत्र फीस एवं पोर्टल फीस का 50 प्रतिशत।
3	प्रवेश/सफारी दिनांक से एक दिवस पूर्व 2 बजे से सायं 5:00 बज़े के मध्य अनुज्ञापत्र का निरस्तीकरण।	अनुज्ञापत्र फीस तथा पोर्टल फीस 75 प्रतिशत घटाने के पश्चात् शेष रकम।	अनुज्ञापत्र फीस एवं पोर्टल फीस 75 प्रतिशत।

(3) ऑनलाइन बुक किए गए अनुज्ञापत्र, यदि 5 दिवस या उससे पूर्व निरस्त/ पुनर्निर्धारित किए जाते हैं, तो अनुज्ञापत्र अन्य पर्यटकों द्वारा ऑनलाइन बुकिंग हेतु उपलब्ध होंगे। अनुज्ञापत्र सफारी दिनांक के 5 या सफारी के पूर्व की कम दिन से एक दिन पूर्व सायं 5 बजे तक निरस्तीकरण पुनर्निर्धारण की दशा में, अनुज्ञापत्र क्षेत्र संचालक कोटा को बुकिंग हेतु उपलब्ध होगा। सफारी की तारीख के एक दिन पूर्व सायं 5 बजे के पश्चात्, निरस्तीकरण/पुनर्निर्धारण कराना संभव नहीं होगा।

(4) यदि निरस्तिकरण सुविधा का उपयोग एड–ऑन पुनर्निधारण के पश्चात् किया जाता है तो पश्चात् निरस्तीकरण वापसी रकम की गणना मूल अनुज्ञापत्र फीस के लागू (टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र हेतु रूपए 1,500/– या अन्य क्षेत्रों हेतु उप–धारा 3 की सारणी (1) एवं (2) के अनुसार विनिश्चित फीस) प्रतिशतता के अनुसार संगणित की जाएगी।

(5) यदि निरस्तीकरण का उपयोग एड–ऑन सुविधा के उपयोग करने के पश्चात् किया जाता है, तो निरस्तीकरण पश्चात् की वापसी की रकम मूल अनुज्ञापत्र की फीस एड–ऑन की फीस (टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र हेतु रूपए 3,000/– या अन्य क्षेत्रों हेतु उप–धारा (3) की सारणी (1) तथा (2) के अनुसार विनिश्चित फीस) लागू प्रतिशतता के अनुसार संगणित की जाएगी।

(6) यदि पुनर्निर्धारण का उपयोग एड–ऑन सुविधा के उपयोग करने के पश्चात् किया जाता है, तो पुनर्निर्धारण फीस मूल अनुज्ञापत्र की फीस (टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र हेतु रूपए 1,500/– या अन्य क्षेत्रों हेतु उप–धारा 3 की सारणी (1) तथा (2) के अनुसार विनिश्चित फीस) के लागू प्रतिशतता के अनुसार संगणित की जाएगी।

7. पर्यटन हेतु संरक्षित क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश का विनियम–

(1) संरक्षित क्षेत्र का भारसाधक अधिकारी, एक पर्यटन वर्ष हेतु अपने संरक्षित क्षेत्र के भीतर पर्यटन के प्रयोजनों हेतु वाहनों को रजिस्ट्रीकृत करेगा। वह भौगोलिक विशिष्टताओं, पर्यटन आवश्यकताओं एवं क्षेत्र के अन्य स्थानीय तथ्यों को ध्यान में रखते हुए वाहनों और चालकों हेतु न्यूनतम अर्हताकारी मानक विनिश्चित करेगा। वह वाहनों की कतिपय श्रेणी का प्रवेश प्रतिबंधित कर सकेगा।

(2) संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी, क्षेत्र की पर्यटक वहन क्षमता, क्षेत्र में पर्यटकों के भ्रमण के रूझान, नवीन पर्यटक जोन की उपलब्धता के आधार पर एवं स्टाकहोल्डरों से चर्चा के पश्चात् रजिस्ट्रीकृत वाहनों की संख्या विनिश्चय करेंगे। यदि पर्यटक वाहन की वर्तमान संख्या ऐसी विनिश्चित संख्या से कम है तो नये पर्यटक वाहन रजिस्ट्रीकृत किए जा सकेंगे। यदि पर्यटक वाहन की वर्तमान संख्या ऐसी विनिश्चित संख्या से अधिक है तो समस्त वाहन रजिस्ट्रीकृत किए जा सकेगा।

(3) समस्त रजिस्ट्रीकृत वाहन रोस्टर पद्धति के अंतर्गत प्रचालित होंगे। रोस्टर पद्धति संरक्षित क्षेत्र के भार–साधक अधिकारी के समक्ष रजिस्टर्ड पर्यटक वाहन संथा द्वारा प्रबंधित संरक्षित क्षेत्र की स्थानीय परिस्थितियों पर आधारित प्रबंधन द्वारा विनिश्चित प्रक्रिया से प्रबंधित होंगी।

(4) मध्यप्रदेश पर्यटन निगम द्वारा प्रचालित पर्यटन बस या संरक्षित क्षेत्र प्रबंधन द्वारा प्रचालित कोई पर्यटक वाहन रोस्टर पद्धति का हिस्सा नहीं होंगे।

(5) प्रवेश द्वार से पार्क भ्रमण के लिए उपयोग किए गए रजिस्ट्रीकृत पर्यटक वाहन हेतु वाहन किराया प्रभार्य पर्यटकों द्वारा देय होगा। ऐसे भ्रमण के लिए किराया फीस संरक्षित क्षेत्र के भार–साधक अधिकारी द्वारा पर्यटक जोन में मार्गों की लम्बाई, सफारी की अवधि तथा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति पर तथा मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा अधिसूचित लागू दरों के आधार पर विचार करने के पश्चात् विनिश्चित की जाएगी।

(6) यदि कोई पर्यटक/पर्यटक समूह रोस्टर के माध्यम से आबंटित रजिस्ट्रीकृत वाहन से भिन्न अन्य रजिस्ट्रीकृत वाहन से पार्क भ्रमण की इच्छा रखता है तो उसे रोस्टर द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहन को लागू वाहन किराया प्रभार का 70 प्रतिशत क्षतिपूर्ति के रूप में भुगतान करना होगा। ऐसी क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के पश्चात् वाहन रोस्टर पूर्ण होने तक अनुपलब्ध माना जाएगा तथा एक बार रोस्टर पूर्ण होने पर विशिष्ट वाहन पुनः रोस्टर में उपलब्ध होगा।

(7) संरक्षित क्षेत्र का भारसाधक अधिकारी या उसका प्रतिनिधि या उसके द्वारा गठित समिति, प्रत्येक वर्ष पर्यटन वर्ष के प्रारंभ होने के पूर्व समस्त वाहनों की फिटनेस का परीक्षण करेगी एवं पर्यटन वाहन/चालक के रूप में उनको रजिस्ट्रीकृत करने के पूर्व, वाहन तथा वाहन चालक हेतु न्यूनतम पात्रता मानक सुनिश्चित करेगी।

(8) समस्त रजिस्ट्रीकृत वाहनों हेतु रूपए 2,000/– की पंजीयन फीस देय होगी। उक्त फीस संरक्षित क्षेत्र की उद्यान विकास निधि में जमा की जाएगी।

(9) पर्यटन अवधि के दौरान संरक्षित क्षेत्र के अंदर सुरक्षित वाहन चालन सुनिश्चित करने के लिए रजिस्ट्रीकृत उद्यान वाहनों के वाहन चालकों के लिए फोटोग्राफी करना प्रतिबंधित होगा।

(10) संरक्षित क्षेत्र के भार–साधक अधिकारी, रजिस्ट्रीकृत वाहनों के मालिक/ वाहन चालक द्वारा पर्यटन क्षेत्र में प्रवृत्त किसी नियम या अधिनियम की शर्तों के उल्लंघन की दशा में संरक्षित क्षेत्र का भारसाधक अधिकारी रजिस्ट्रीकृत पर्यटन वाहन की प्रवेश अनुमति/रजिस्ट्रीकरण को कुछ अवधि के लिए रद्द कर सकेगा अथवा क्षतिपूर्ति अधिरोपित कर सकेगा।

8. फिल्मांकन/ वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी हेतु दरें :

(1) पर्यटकों को सामान्य सफारी भ्रमणों के दौरान उनके स्टिल अथवा वीडियो कैमरे निःशुल्क उपयोग करने की अनुज्ञा होगी। पर्यटकों को उनके मोबाइल फोन या समकक्ष उपकरणों का फोटो खींचने के लिए उपयोग करने की अनुमति है। पार्क भ्रमण के दौरान मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रखना उनके लिए अनिवार्य होगा। संरक्षित क्षेत्र का भारसाधक अधिकारी इस संबंध में अतिरिक्त नियम लागू कर सकेगा।

(2) संरक्षित क्षेत्रों में विशेष फिल्मांकन / वीडियोग्राफी /फोटोग्राफी के लिए अनुज्ञा, संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा कैमरामेन के नाम से दी जाएगी। फीस निम्नलिखित सारणी के आधार पर होगी:–

अवधि	भारतीय शैक्षणिक/ अनुसंधान संस्थान; भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश राज्य सरकार के विभाग एवं संस्थान (फीस रू/दिन में)	अन्य (फीस रू./दिन में)	अभ्युक्तियां
प्रथम 7 दिन	रू.10,000	रू. 40,000	प्रति कैमरा मैन प्रति दिन
आठवें दिन से 15 वें दिन	रू. 7,500	रू. 30,000	
सोलहवें दिन से आगे	रू. 5,000	रू. 20,000	

(3) किसी संरक्षित क्षेत्र या चिड़ियाघर के लिए फिल्मांकन/ वीडियोंग्राफी/फोटोग्राफी अनुज्ञा–पत्र फीस का विनिश्चय करने हेतु, धारा 3 की उप–धारा (1) की सारणी प्रश्नगत विशिष्ट क्षेत्र की श्रेणी के पूर्व उल्लिखित गुणांक के धारा 8 की उप–धारा (2) में उल्लिखित दरों के साथ गुणा किया जाएगा। श्रेणी–छह के क्षेत्रों हेतु श्रेणी–पांच के अनुरूप गुणांक का उपयोग किया जाएगा। इस गुणन के परिणाम वास्तविक अनुज्ञा फीस प्राप्त करने के लिए 10/– रूपए या उसके गुणांक तक पूर्णांकित किया जाएगा।

(4) धारा 8 की उप–धारा (2) में उल्लिखित दरें केवल तब लागू होंगी यदि फिल्मांकन/वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी के लिए अनुमति समय से परे तथा साधारण पर्यटकों के लिए मार्गों से हटकर मांगी जाती है। यह फीस वीडियोग्राफी/फिल्मांकन/फोटोग्राफी की पूरी अवधि के लिए अग्रिम देय होगी। यह अनुज्ञा साधारणतः खुले सीजन के लिए जारी की जाएगी और यह भागों में भी हो सकती है। मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक की पूर्व अनुज्ञा से, विशेष कारणों से फोटोग्राफी/फिल्मांकन के प्रयोजन के लिए प्रवेश की अनुज्ञा, बंद अवधि के दौरान भी जारी की जा सकती है।

(5) कैमरामेन से अभिप्रेत है, ऐसा व्यक्ति जिसके नाम से फिल्मांकन/वीडियोग्राफी/ फोटोग्राफी की अनुज्ञा जारी की गई है। उसकी सहायता करने के लिए उसके साथ अधिक से अधिक दो व्यक्ति अनुज्ञात किए जा सकते हैं, किंतु उन्हें फोटोग्राफी/फिल्मांकन की अनुज्ञा नहीं होगी। तीन व्यक्तियों की इस टीम से पृथक् से कोई प्रवेश फीस का भुगतान करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी।

(6) किसी राष्ट्रीय उद्यान अथवा अभ्यारण्य में वीडियोग्राफी/फिल्मांकन/फोटोग्राफी के लिए अनुज्ञा साधारणतया केवल प्राकृतिक सौन्दर्य, वन्य जीव अथवा क्षेत्र के प्राकृतिक इतिहास की रिकार्डिंग करने के लिए ही दी जाएगी। तथापि, सरकार विशेष परिस्थितियों के अधीन किसी अन्य कारण से ऐसे कार्य की अनुज्ञा दे सकेगी बशर्ते कि इससे क्षेत्र के पर्यावरण अथवा वन्यजीवन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। ऐसी अनुज्ञा के लिए विशेष दरें प्रभारित की जाएंगी, जो किसी भी दशा में, उप–धारा (3) के अधीन विहित दर के पांच गुना से कम नहीं होगी।

(7) वन विभाग द्वारा बनाई जाने वाली या अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं के माध्यम से फिल्माई जाने वाली वन्यजीवन आधारित फिल्मों/वृत्तचित्र /दस्तावेज, जिनका उपयोग अनुसंधान, प्रशिक्षण, विस्तार, जागरूकता अथवा संरक्षण शिक्षा प्रयोजन के लिए किया जाना है, की वीडियोग्राफी/फिल्मांकन/ फोटोग्राफी के लिए अनुज्ञा मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक द्वारा दी जा सकती है, जिसके लिए कोई फीस प्रभारित नहीं की जाएगी। समस्त ऐसी फिल्मों पर मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, मध्यप्रदेश का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।

9. **हाथी पर भ्रमण :**

(1) हाथियों की उपलब्धता के अध्यधीन रहते हुए, विहित फीस के भुगतान उपरांत एंव संरक्षित क्षेत्र के भार–साधक अधिकारी द्वारा निर्धारित मार्गों पर पर्यटक हाथी से भ्रमण कर सकेंगे।

(2) हाथी पर सवारी आधा घंटों की होगी, जिसके लिए प्रतिव्यक्ति फीस रूपए 1,000/– होगी। 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को उनके माता पिता/अभिभावकों के साथ निःशुल्क अनुज्ञात किया जाएगा। 5 से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए फीस रूपए 500/– होगी, किन्तु सीट की गणना के लिए इसे पूर्ण सीट के रूप में माना जाएगा।

(3) हाथी पर सवारी हेतु महावत के छोड़कर अधिकतम चार व्यक्तियों को अनुमत किया जाएगा।

(4) हाथी पर सवारी हेतु संरक्षित क्षेत्र का भारसाधक अधिकारी अतिरिक्त नियम अधिरोपित कर सकेगा।

(5) ऐसे कैमरामैन की मांग पर, जिसने कि धारा 8 की उप–धारा (2) एवं (3) के अधीन वीडियोग्राफी/फिल्मांकन/ फोटोग्राफी के लिए अनुज्ञा प्राप्त की है, हाथी तीन घंटों के लिए प्रति हाथी निम्नलिखित फीस के भुगतान पर दिया जा सकता है। उक्त फिल्मांकन हेतु, कैमरामेन के साथ हाथी पर अधिकतम एक सहायक को अनुमति दी जाएगी :

(एक)	भारतीय शैक्षणिक अथवा अनुसंधान संस्थान तथा भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश राज्य सरकार के विभागों और संस्थानों के लिए	रू. 6,000/–
(दो)	अन्य सभी व्यक्ति	रू. 24,000/–

10. **नौकायन :**

(1) ऐसे समस्त संरक्षित क्षेत्रों में, जहां उनके जलाशयों/नदियों/जल निकायों में नौकायन की संभावना हो, नौकायन हेतु नियम तथा विभिन्न प्रकार की नौकायन गतिविधियों के लिए दरें संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा विनिश्चित की जाएंगी। ऐसी गतिविधियां मध्यप्रदेश के मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक द्वारा अनुमोदन के पश्चात् प्रारंभ की जाएंगी।

(2) केवल राष्ट्रीय चम्बल अभ्यारण्य में मोटर चलित नौका द्वारा प्रति व्यक्ति प्रति घण्टे नौकायन हेतु रूपए 150/– फीस होगी।

11. **स्थानीय गाइड / पर्यटक सहायकः**

(1) पर्यटन तथा फोटोग्राफी/फिल्मांकन के प्रयोजन के लिए संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले समस्त परिदर्शकों के साथ संचालक/क्षेत्र संचालक/वन वृत्त के भारसाधक अधिकारी अथवा मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा अनुज्ञप्त प्रतिनिधि/ रजिस्ट्रीकृत स्थानीय गाइड/ पर्यटक सहायक अनिवार्य रूप से होगा। एक स्थानीय गाइड/ पर्यटक सहायक वह व्यक्ति होगा, जो उस जिले या उन जिलों निवासी से संबंधित हो और सामान्यतः वहां निवास करता हो, जहां राष्ट्रीय उद्यान अथवा अभ्यारण्य स्थित है।

(2) **गाइड/पर्यटक सहायक के लिए न्यूनतम अर्हताएं :**

(क) गाइड श्रेणी जी–1: 12वीं कक्षा उत्तीर्ण, अंग्रेजी का कार्यसाधक ज्ञान, सभी स्तनपायी प्राणियों एवं सामान्य पक्षियों की पहचान, सामान्य वृक्षों की पहचान एवं उनके बारे में रोचक तथ्यों का ज्ञान, राष्ट्रीय उद्यान/अभ्यारण्य के वनों के संबंध में सामान्य ज्ञान, वन्य प्राणियों के रास्तों एवं चिह्नों, वन्यप्राणी गणना एवं वन्यप्राणी गणना के आंकड़ों का ज्ञान, विवेचन केन्द्र, पर्यटन नियमों, क्या करें तथा क्या न करें, राष्ट्रीय उद्यान अभ्यारण्यों के भूगोल एवं भू–आकृति का ज्ञान, प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण–पत्र तथा गाइड के रूप में न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव।

(ख) गाइड श्रेणी जी–2 : वन्यप्राणियों का ज्ञान, वन मार्गों का ज्ञान, सामान्य वृक्षों की पहचान एवं उनके संबंध में रोचक तथ्यों का ज्ञान, क्षेत्र के वनों एवं वन्यप्राणियों के विषय में सामान्य ज्ञान, वन्यप्राणी प्रबंधन, वन्यप्राणी के व्यवहार एवं रहवास आदि का ज्ञान, पर्यटन नियमों, 'क्या करें तथा क्या न करें' का ज्ञान, वनों तथा वन्यप्राणियों के बारे में और सीखने हेतु उत्सुकता।

(ग) पर्यटक सहायकः कोई भी स्थानीय व्यक्ति जो संरक्षित क्षेत्र के भीतर ट्रेकिंग, केंपिंग कर रहे पर्यटकों के साथ पर्यटक सहायक का काम करने हेतु इच्छुक हो।

(3) गाइड/पर्यटक सहायक हेतु फीस : गाइड/पर्यटक सहायक की सेवांए लेने हेतु निम्नानुसार होगी :–

अनुक्रमांक	श्रेणी	गाइड/ पोर्टर फीस (रू.)		
		वाहन में भ्रमण (एक राउंड)	ट्रैकिंग/साइकिलिंग (प्रतिदिन)	कैम्पिंग (दो दिन एंव एक रात्रि)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	जी-1	रू.500	रू.1000	रू.2000
2	जी-2	रू.360	रू.700	रू.1400
3	पर्यटक सहायक	–	रू.500	रू.1000

(क) पूरे दिन के लिए सेवाएं लिए जाने की दशा में गाइड को ट्रेकिंग/साइकिलिंग हेतु नियत दरों से भुगतान किया जाएगा।

(ख) **विशेष दर्शनीय स्थलों पर सेवाएं प्रदान करने वाले गाइड हेतु फीसः** केन घड़ियाल अभ्यारण्य के रनेह फाल, पन्ना राष्ट्रीय उद्यान के पांडव फाल आदि जैसे स्थानों हेतु जहां कि गाइड की सेवाएं अल्पावधि के लिए ली जाती हैं, वहां सम्बन्धित संरक्षित क्षेत्र का प्रबंधक स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर आनुपातिक दरें नियत करेगा।

2. **पर्यटन अवधि, क्षेत्र का विनियमनः**

(1) सामान्यतः वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, माधव राष्ट्रीय उद्यान, फासिल राष्ट्रीय उद्यान, घुघवा, डायनासोर फासिल राष्ट्रीय उद्यान, रालामण्डल अभ्यारण्य, सैलाना अभ्यारण्य, सरदारपुर अभ्यारण्य, ओरछा अभ्यारण्य, केन घड़ियाल अभ्यारण्य के रनेह फाल, पन्ना राष्ट्रीय उद्यान के पांडव फाल, पचमढ़ी के दर्शनीय स्थल, चिड़ीखोह (नरसिंहगढ़ अभ्यारण्य), भीमबैठका, रातापानी अभ्यारण्य में बरूसोत व देलाबाड़ी, मुकुन्दपुर चिड़ियाघर, टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों के लिए कोई बंद अवधि नहीं होगी। संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी की

अनुशंसा पर मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक किसी क्षेत्र को वर्षभर खुला रखने हेतु घोषित कर सकेगा। किंतु ऐसा तब तक नहीं किया जाएगा, जब तक उससे होने वाले संभावित दुष्प्रभावों का आकलन कर ऐसे संभवित दुष्प्रभावों को कम करने हेतु प्रभावी प्रबंधन व्यवस्था नहीं कर ली जाए।

(2) उपरोक्त के अतिरिक्त, राष्ट्रीय उद्यानों तथा अभ्यारण्यों के अन्दर अन्य समस्त स्थानों के लिए 1 जुलाई से 30 सितम्बर के बीच की अवधि में पर्यटन या फोटोग्राफी के लिए प्रतिबंधित अवधि रहेगी। और पर्यटन वर्ष की शेष अवधि पर्यटन एवं फोटोग्राफी के लिए खुली अवधि होगी। तात्कालिक मौसम परिस्थितियों एवं अन्य स्थानीय कारकों के आधार पर संरक्षित क्षेत्र को भारसाधक अधिकारी 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के मध्य सीमित क्षेत्रों वन मार्गों को पर्यटन हेतु खोलेगा।

(3) राष्ट्रीय उद्यान/अभ्यारण्य के अन्दर वाहनों द्वारा भ्रमण सूर्योदय एवं सूर्यास्त की समयों के आधार पर होगा और तद्नुसार परिवर्तित किया जाएगा। प्रवेश एवं निर्गम का वास्तविक समय अधिसूचित किया जाएगा तथा प्रवेश द्वारा के सूचना पट पर प्रदर्शित एवं अनुज्ञापत्रों पर मुद्रित किया जाएगा। टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों में अवस्थित पर्यटन जोन में पर्यटक कोर क्षेत्र में पर्यटन जोन हेतु अधिसूचित समय के आधा घंटों पश्चात् आ सकेंगे।

(4) राष्ट्रीय उद्यान/अभ्यारण्य के अन्दर अन्य पर्यटन गतिविधियों हेतु, सूर्योदय एवं सूर्यास्त के मध्य का समय क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा विनिश्चित तथा अधिसूचित किया जाएगा।

(5) स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर संरक्षित क्षेत्र का भारसाधक अधिकारी किसी दिवस या किसी अवधि हेतु प्रवेश/निर्गम के समय में परिवर्तन कर सकेगा।

(6) पर्यटन के लिए खुले मार्गों और इन मार्गों पर अनुमत किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के वाहनों की अधिकतम संख्या स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा विनिश्चित की जाएगी।

(7) यदि आवश्यक हो तो, संरक्षित क्षेत्र का भारसाधक अधिकारी धारा 28(1) के अधीन वर्णित प्रयोजनों के लिए संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों के लिए किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए कोई क्षेत्रों या मार्गों को बन्द विनिर्दिष्ट कर सकेगा।

3. **विशेष फीस :**

किसी संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी को मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, के परामर्श से कम–से–कम दो माह की सूचना देने के पश्चात् पर्यटक यातायात के परिणामस्वरूप वन्य जीवन तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को विनियमित करने

के उद्देश्य से लिखित आदेश के माध्यम से किसी संवेदनशील या विशिष्ट क्षेत्रों/मार्गों/ गतिविधियों के लिए विशेष दरें अधिरोपित करने का अधिकार होगा।

14. **पर्यटन से होने वाली आय का स्थानीय समुदायों के साथ बांटा जाना :**
टाईगर रिजर्व तथा अन्य संरक्षित क्षेत्रों के आस–पास पर्यटन प्रारंभिक रूप से वन्यजीव संसाधनों के अक्षय उपभोग से अनवरत है, और स्थानीय समुदायों को मांसाहारी वन्यप्राणियों के द्वारा पालतु पशुओं के शिकार और जंगली शाकाहारियों द्वारा फसलों के विनाश एवं आय में कमी के रूप में संरक्षण की कीमत चुकानी पड़ती है। एक वर्ष में उस संरक्षित क्षेत्र की विकास निधि में जमा की गई समस्त पर्यटन प्राप्तियों का एक तिहाई उस संरक्षित क्षेत्र की ईको विकास समितियों के साथ बांटा जाएगा।

15. **विविध :**

(1) कोई अन्य पर्यटन सेवा या गतिविधि जो इन नियमों में उल्लिखित नहीं है या उल्लिखित की गई है परंतु प्रबंधन दृष्टिकोण से अब तक नहीं की गई है, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, मध्यप्रदेश की पूर्वानुमति से प्रारंभ की जा सकती है। किंतु ऐसा तब तक नहीं किया जाएगा, जब तक कि ऐसी गतिविधियों से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों का आंकलन न कर लिया गया हो और उनको नियंत्रित करने हेतु आवश्यक प्रबंधन व्यवस्था नहीं कर ली गई हो।

(2) संरक्षण संबंधी मुद्दों पर एवं पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों के बीच बेहतर समझ विकसित करने के लिए स्थानीय निवासियों "जंगल वालों के साथ एक शाम" कार्यक्रम के लिए इच्छुक समस्त स्थानीय निवासियों एवं पर्यटकों को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा।

(3) किसी मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले वाहनों की संख्या, इसकी धारण क्षमता के आधार पर सीमित करेगा। इसके अतिरिक्त, वह अन्य गतिविधियों जैसे नौकायन, ट्रैकिंग, कैंपिंग, हाथी पर भ्रमण, नेचर ट्रेल आदि के लिए पृथक्–पृथक् धारण क्षमता का भी विनिश्चय करेगा।

(4) वन्यप्राणी संरक्षण या प्रबंधन के दृष्टिकोण से अपरिहार्य परिस्थितियों के अधीन संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा किसी व्यक्ति या सभी व्यक्तियों द्वारा प्रवेश भ्रमण अथवा किसी मार्ग या स्थल का उपयोग प्रतिबंधित किया जा सकता है।

(5) फिल्मांकन, नौकायन, वाहन से वन्यप्राणी दर्शन, हाथी पर भ्रमण, ट्रैकिंग, नेचर ट्रेल, कैपिंग एवं वॉच टॉवर/मचान/हाइड, आदि के उपयोग एवं भविष्य में प्रारंभ की जाने वाली किसी अन्य गतिविधि के लिए विस्तृत दिशानिर्देश मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, द्वारा जारी किए जाएंगे, जो इन नियमों का भाग गठित करेंगे।

(6) शासन को विशिष्ट आदेशों के अधीन के सिवाय राष्ट्रीय उद्यानों/अभ्यारण्यों के भीतर कोई सभाएं, सम्मेलन, बैठकें, आदि आयोजित नहीं की जा सकती है। यह प्रतिबंध मध्यप्रदेश राज्य वन्यप्राणी सलाहकार मंडल, मध्यप्रदेश के वन अधिकारियों की बैठकों, वन अधिकारियों एवं वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण एवं प्रबंधन में प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों संबंधित प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कार्यशालाओं पर लागू नहीं होगा।

(7) किसी संरक्षित क्षेत्र में कोई भी विज्ञापन, साइनबोर्ड, बैनर तथा चार्ट आदि अनधिकृत रूप से प्रदर्शित करना, चिपकाना या लगाना निषिद्ध होगा।

(8) कोई भी व्यक्ति किसी संरक्षित क्षेत्र में किसी भी वृक्ष, पुल, चट्टान, बागड़, सीट, नोटिस बोर्ड, कूड़ादान अथवा अन्य किसी भी वस्तु अथवा स्थल पर लिखी गई बात अथवा चिन्ह आदि को नष्ट नहीं करेगा, क्षति नहीं पहुंचाएगा अथवा उसे विरूपित नहीं करेगा।

(9) पर्यटन और फोटोग्राफी/फिल्मांकन के प्रयोजन से वन्यप्राणियों को देखने के लिए स्पॉट लाइट का उपयोग प्रतिबंधित है।

(10) प्रवेश अनुज्ञा की शर्तों अथवा प्रबंधन द्वारा जारी किए गए किन्हीं निर्देशों का उल्लंघन करने वाले किसी व्यक्ति के विरूद्ध कारवाई की प्रकिया :–

(क) किसी ऐसे व्यक्ति से जिसने पर्यटन के लिए संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश किया हो और प्रवेश अनुज्ञा की शर्तों अथवा प्रबंधन द्वारा दिए गए किन्हीं निर्देशों का उल्लंघन किया हो, परिक्षेत्र अधिकारी से अनिम्न श्रेणी का कोई अधिकारी रूपए 2,000/– की क्षतिपूर्ति लेने का हकदार होगा, इनके अतिरिक्त सक्षम वन अधिकारी, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) तथा किन्हीं अन्य विधिक उपबंधों के प्रावधानों का उल्लंघन होने पर उक्त अधिनियम अथवा किसी अन्य नियम के उपबंधों विधिक कार्रवाई कर सकेगा। संरक्षित क्षेत्र का भारसाधक अधिकारी उसके प्रवेश अनुज्ञा की शेष अवधि के लिए उसके प्रवेश को या तो अंशतः या पूर्णतः प्रतिबंधित भी कर सकता है। ऐसी क्षतिपूर्ति व्यक्तियों से मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक द्वारा जारी विस्तृत निर्देश के अनुसार वसूल की जाएगी।

(ख) कैमरामेन अथवा फोटोग्राफी/फिल्मांकन टीम के उसके सहायक द्वारा कोई उल्लंघन किए जाने पर, सक्षम वन अधिकारी द्वारा विधिक कार्रवाई के अतिरिक्त, संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा उसकी अनुज्ञा की शेष अवधि के किसी भाग अथवा पूर्ण अवधि के लिए उसका प्रवेश प्रतिबंधित किया जा सकेगा।

(ग) रजिस्ट्रीकृत वाहन/नौका के चालक/नाविक द्वारा और उसमें उपस्थित गाइड द्वारा कोई उल्लंघन किए जाने पर, सक्षम वन अधिकारी द्वारा विधिक कार्रवाई के साथ–साथ, परिक्षेत्र अधिकारी से अनिम्न श्रेणी का अधिकारी रूपये 2,000/– की क्षतिपूर्ति वसूल करने का हकदार होगा। प्रथम उल्लंघन की दशा में, उनका प्रवेश, साथ ही उनके वाहन/नौका का प्रवेश सात दिन के लिए, दूसरी बार उल्लंघन किए जाने की दशा में, एक मास के लिए और तीसरी बार उल्लंघन किए जाने की दशा में, शेष पर्यटन वर्ष (अगले केलेण्डर वर्ष की 1 जुलाई से 30 जून) के लिए संरक्षित क्षेत्रों में अन्य विधिक कार्रवाईयों के साथ प्रतिबंधित किया जा सकेगा। ऐसे रजिस्ट्रीकृत वाहन/नौकाएं और उनके चालक/नाविक तथा प्रकृतिवादी/गाइड जिन्हें पिछले दो वर्षों के दौरान तीन बार दंडित किया गया हो, संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा, राष्ट्रीय उद्यान अथवा अभ्यारण्य में अगले दो वर्ष के लिए प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया जा सकेगा। मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक व्यक्तियों से ऐसी क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए विस्तृत निर्देश जारी करेगा।

(घ) कोई आदतन अपराधी या घोर कदाचार अथवा नियमों के भंग में लिप्त कोई व्यक्ति संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय उद्यान या अभ्यारण्य में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

(ड.) इस उप–धारा के अधीन किसी व्यक्ति के प्रवेश को प्रतिबंधित करने की कोई भी कार्रवाई तब तक नहीं की जाएगी जब तक कि प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का समुचित अवसर नहीं दिया गया हो।

(11) दीपावली तथा होली के शासकीय अवकाशों पर समस्त संरक्षित क्षेत्र पर्यटन और वीडियोग्राफी/फिल्मांकन/फोटोग्राफी के लिए बंद रहेंगे। इसके अतिरिक्त, ऐसे अन्य दिनों का, जिनको कि पर्यटन और वीडियोग्राफी/फिल्मांकन/फोटोग्राफी के लिए संरक्षित क्षेत्र बंद रहेंगे, विनिश्चय राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

2. यह अधिसूचना 1 अक्टूबर, 2017 से प्रवृत्त होगी।

Bhopal, the 29th May 2018

F 14-82/1988/10-2 In exercise of the powers conferred by sub section (1) and clause (h) of Sub-Section (2) of Section 64, read with Section 28 of the Wildlife (Protection) Act, 1972 (53 of 1972), the State Government, hereby, makes the following amendments in the Madhya Pradesh Wildlife (Protection) Rules, 1974, namely : -

AMENDMENTS

In the said rules, for Rule 34, the following shall be substituted, namely:-

"34. Entry fee and conditions of entry permit under Section 28 for entry into National Parks and Sanctuaries and under clause (h) of Sub Section (2) of Section 64 for entry into buffer areas of tiger reserves and zoos managed by Forest Department -

1. Entry Permit:

(1) No person shall enter any National Park, Sanctuary, Buffer areas of Tiger Reserves or Zoos managed by Forest Department, for the purposes mentioned under sub-section (1) of Section 28, without a valid permit issued by Chief Wildlife Warden Madhya Pradesh or by an officer authorized by him for this purpose and as per the conditions and on payment of such fees as prescribed in this rule.

(2) Entry permit is individual, non-transferable and valid for entry for the period mentioned in the entry permit.

2. Exemptions in permit fee for Special Circumstances:

(1) No entry fee shall be charged for entry in National Parks, Sanctuaries, Buffer Areas of Tiger Reserves and Zoo for following purposes, namely:-

(a) study or investigation of wildlife and its ancillary objectives;

(b) scientific research;

(c) transaction of lawful business with any person residing in the National Park or Sanctuary;

(d) authorized study tours of the students of recognized educational institutions of the villages situated in the buffer zones of the tiger reserves and within 5 km boundary of National Parks and Sanctuaries or the authorized study tours of the members of Eco-Development Committees;

